# 2023

## HINDI — HONOURS

### Paper : DSE-A-1 and DSE-A-2

*The figures in the margin indicate full marks.*
*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

### Paper : DSE-A-1

### (Loksahitya)

### Full Marks : 65

### (लोकसाहित्य)

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) लोकसाहित्य की किन्हीं दो विशेषताओं का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) किन्हीं दो भारतीय लोकसाहित्यकारों के नाम बताइए।

(ग) जँतसार क्या है? यह कब गाया जाता है?

(घ) किन्हीं दो प्रचलित लोककथाओं के नाम बताइए।

(ङ) विवाह के अवसर पर गाए जाने वाले किन्हीं दो लोकगीतों के नाम बताइए।

(च) 'भरतनाट्यम' और 'कथकली' भारत के किन राज्यों के लोकनृत्य हैं?

(छ) 'सोहर' क्या है? यह कब गाया जाता है?

(ज) किन्हीं दो प्रचलित व्रतगीतों के नाम बताइए।

(झ) उत्तर प्रदेश और बंगाल में प्रचलित एक एक लोकनाट्य का नाम लिखिए।

(ञ) निम्नलिखित लोकोक्ति एवं कहावत का अर्थ बताइए :

(अ) आए थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास।

(आ) का बरखा जब कृषि सुखानी।

2. किन्हीं ***तीन*** पर टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) लोकनृत्य

(ख) परीकथा

(ग) रामलीला

(घ) ऋतुगीत

(ङ) लोकसाहित्य के अध्ययन की समस्याएं।

(च) लोक संभाषित मुहावरे।

3. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) लोकवार्त्ता से आप क्या समझते हैं? लोकवार्त्ताओं के सामाजिक और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) भारत में लोकसहित्य के अध्ययन का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए लोकसाहित्य के प्रमुख रूपों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ग) लोकगीत की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए संस्कार गीतों का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(घ) 'विदेशिया' लोकनाट्य का परिचय देते हुए हिन्दी नाटक एवं रंगमंच पर लोकनाट्यों के प्रभाव पर विचार कीजिए।

(ङ) 'लोकभाषा' से आप क्या समझते हैं? लोकभाषा में कहावतों और लोकोक्तियों के महत्व पर प्रकाश डालिए।

(च) 'लोककथाओं में लोकजीवन और लोकसमाज प्रतिबिंबित हुआ है।'– इस कथन की तर्कपूर्ण समीक्षा कीजिए।

**Paper : DSE-A-2**

**(Rashtriya Kavyadhara)**

**Full Marks : 65**

## (राष्ट्रीय काव्यधारा)

**1.** निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) मैथिलीशरण गुप्त के किसी एक महाकाव्य का नाम लिखिए और इसका प्रकाशन-वर्ष बताइए।

(ख) "सजा रहे हैं फुलझड़ियों से जादू करके खेल
आज हुआ श्रम-सीकर के घर हमसे उनसे मेल"
– कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ग) रे, रोक __________ को न यहाँ,
जाने दे उनको __________ धीर
–रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(घ) 'उर्मिला' के रचनाकार का नाम बताइए। यह कौन-सी विधा में रचित है?

(ङ) सोहनलाल द्विवेदी द्वारा रचित किन्हीं दो कृतियों के नाम बताइए।

(च) सावधान! मेरी वीणा में,
चिनगारियाँ आन बैठी हैं।
– कवि एवं कविता का नाम बताइए।

(छ) माखनलाल चतुर्वेदी के किन्हीं दो काव्य-संग्रहों के नाम बताइए।

(ज) दिनकर का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(झ) बालकृष्ण शर्मा का उपनाम क्या है? इन्हें 1960 में कौन-से राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया था?

(ञ) 'हे कोटि चरण, हे कोटि बाहु, हे कोटि रूप, हे कोटि नाम'– यह किस कविता की पंक्ति है और किसके प्रति समर्पित हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3

(क) सोहनलाल द्विवेदी का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ख) माखनलाल चतुर्वेदी को 'एक भारतीय आत्मा' क्यों कहा जाता है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) मैथिलीशरण गुप्त की कविताओं में उपेक्षिता किन्तु गरिमामयी स्त्रियों का स्थान निर्धारित कीजिए।

(घ) कवि 'विप्लव गान' क्यों गाना चाहता है? स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'कलम या कि तलवार' कविता की मूल संवेदना पर विचार कीजिए।

3. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) "माखनलाल चतुर्वेदी की कविता में देश-प्रेम और राष्ट्रीयता का क्रांतिकारी स्वर है"– इस कथन की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(ख) दिनकर की कविताओं में व्यक्त राष्ट्रीय संदेश को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'हम अनिकेतन' कविता के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए उसकी प्रासंगिकता पर विचार कीजिए।

(घ) "सोहनलाल द्विवेदी जी की रचनाएँ राष्ट्रीय जागरण का पर्याय हैं"– विवेचना कीजिए।

(ङ) "आजादी की अनुगूंजें मैथिलीशरण गुप्त के काव्य का प्रमुख स्वर बनी"– उनकी कविताओं का उदाहरण देते हुए इसे स्पष्ट कीजिए।